श्री बंशीधर नगर, शुक्रवार
17.01.2025
माघ कृष्णपक्ष चतुर्थी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 145

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:40 बजे
अस्त - 05:30 बजे

**तापमान**
अधिकतम :22 डिग्री से.
न्यूनतम : 10 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

झोपड़ी में लगी आग, नौ बकरियों की मौत >> पेज 03
सैफ अली खान पर चाकू से हमला >> पेज 04

**सुविचार**
शांतिपूर्ण मन ही हमें सच्ची खुशी देता है। इसलिए मन शांतिपूर्ण रखें।

**न्यूज अपडेट्स**

## सड़क हादसे में तीन की मौत



**गिरिडीह।** जिले के मधुबन थाना इलाके के गिरिडीह डुमरी रोड स्थित चैनपुर में सड़क हादसे में बुधवार देर रात तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में वाहन चालक गंभीर रूप घायल हो गया। मृतकों की पहचान लक्ष्मणतुंडा गांव निवासी देवचंद्र साहू (53), केंदुआडीह निवासी थानू कुमार (16) और निमियाघाट थाना इलाके के रंगामति गांव निवासी घनश्याम साहू के रूप में हुई। सड़क हादसा देर रात करीब एक बजे के आसपास हुआ, जब दोनों वाहन पीरटांड़ से डुमरी की तरफ जा रहे थे। इस बीच चैनपुर के पास पहुंचते ही दोनों वाहनों की एक-दूसरे से टक्कर हो गई। हादसे में वाहन में बैठे तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद और मधुबन थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुरुवार को सदर अस्पताल भेज दिया।

**खुशखबरी** केन्द्र सरकार ने कर्मचारियों को दिया तोहफा

# आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा

**नयी दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने दिल्ली विधानसभा चुनावों से पहले केन्द्रीय कर्मचारियों के लिये एक महत्वपूर्ण फैसले के तहत गुरुवार को आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की।
सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के फैसलों की जानकारी देने के लिये आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इस संबंध में स्वतः जानकारी देते हुये कहा कि प्रधानमंत्री ने समय से आयोग के गठन के लिये यह निर्णय लिया है। उन्होंने यह स्पष्ट करते हुये कि यह विषय मंत्रिमंडल की आज की बैठक का एजेंडा नहीं था, कहा कि आठवें वेतन आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों के नामों की घोषणा तथा आयोग के समक्ष विचारणीय बिन्दुओं के बारे में सूचना जल्द जारी करेगी। श्री वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि सातवें वेतन आयोग 2016 में गठित किया गया था, उन्होंने कहा कि आठवें आयोग की सिफारिशों को 2026 में सातवें वेतन आयोग के समाप्त होने के बाद लागू की जायेंगी। प्रधानमंत्री ने उससे पर्याप्त समय पहले नये वेतन आयोग के गठन का निर्णय लिया है। केन्द्रीय कर्मियों के वेतनमानों और भत्तों की समीक्षा के लिये समय पर गठित किये जाने वाले वेतन आयोग के क्रम में नये वेतन आयोग की सिफारिशों से करीब 50 लाख केन्द्रीय कर्मियों को फायदा होगा।



## भारतीय मजदूर संघ ने आठवें वित्त आयोग के गठन का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) ने केंद्र सरकार के आठवें वित्त आयोग के गठन के फैसले का स्वागत किया है। भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री रविंद्र हिमते ने बयान जारी कर कहा है कि संघ काफी समय से आठवें वित्त आयोग के गठन की मांग कर रहा था। हाल ही में वित्त मंत्रालय के साथ बजट पूर्व परामर्श के दौरान भी हमने यथाशीघ्र इसके गठन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। वह पूरे श्रमिक वर्ग की ओर से उनका धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुरुवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में दौरान आठवीं वित्त आयोग के गठन को मंजूरी प्रदान की गई। वेतन आयोग केंद्र सरकार के कर्मचारियों की वेतन और भत्तों में वृद्धि को लेकर केन्द्र सरकार को अपनी सिफारिशें देगा।



## चार माह में कराएं नगर निकाय का चुनाव : हाइकोर्ट




**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने गुरुवार को झारखंड निकाय चुनाव मामले में दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार को निकाय चुनाव करने के लिए चार महीने का समय दिया। यह सुनवाई जस्टिस आनंद सेन की अदालत में हुई।
कोर्ट ने तीन सप्ताह में चुनाव कराने के आदेश का अनुपालन नहीं होने पर सवाल उठाए। इसपर राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने की पात्रता निर्धारण को लेकर जिला स्तर पर ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है। कुछ ही जिलों में ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया बाकी है, जिसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा। निर्वाचन आयोग से वोटर लिस्ट भी अबतक नहीं मिल पाई है। इससे कुछ देरी हो रही है।
इससे पहले सोमवार को हुई सुनवाई में सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि ट्रिपल टेस्ट करवाकर चुनाव कराया जायेगा। इस पर न्यायालय ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा था कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट ने भी यह कहा है कि ट्रिपल टेस्ट के बैगर निकाय चुनाव कराया जाये।
ट्रिपल टेस्ट की आड़ में निकाय चुनाव रोक नहीं सकते हैं और यह आदेश दिये जाने पर भी राज्य सरकार के जरिये चुनाव नहीं कराना कोर्ट की आदेश की अवमानना है। दरअसल निवर्तमान पार्षद रौशनी खलखो ने राज्य में जल्द निकाय चुनाव कराने के लिए हाई कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की है।

## 21 तक तापमान में बदलाव की संभावना नहीं

**रांची।** झारखंड में ठंड का कहर जारी है। राज्य में 21 जनवरी तक न्यूनतम तापमान में बदलाव की संभावना नहीं है। हालांकि गुरुवार को राजधानी रांची में सुबह में कोहरा और धुंध के बीच बादलों की लुका छिपी बनी रही। मौसम विभाग के अनुसार 17 जनवरी से 21 जनवरी तक सुबह में कोहरा और आंशिक रूप से बादल छाये रहने की संभावना है।
मौसम विज्ञान केंद्र रांची से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.1 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में डाल्टेनगंज का अधिकतम तापमान 20.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 23.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 09.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस संबंध में रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने गुरुवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 6.0 डिग्री सेल्सियस हजारीबाग में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियसचाईबासा में रहा। पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा और कहीं-कहीं हल्का कोहरा भी देखा गया।



## लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा बेहतर इलाज के लिए दिल्ली एम्स रेफर

**रांची।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा को बेहतर इलाज के लिए दिल्ली के एम्स अस्पताल में रेफर किया गया है। उन्हें एयर एंबुलेंस से दिल्ली रवाना किया गया। उनके साथ परिजनों के अलावा मेडिका अस्पताल के एक चिकित्सक को भी दिल्ली भेजा गया है। मकर संक्रांति के दिन केन्द्रीय मंत्री जुएल ओरांव ने रांची के मेडिका अस्पताल में कड़िया मुंडा से मुलाकात की थी और हाल-चाल जाना था। जुएल ओरांव द्वारा सारी व्यवस्थाएं देखने के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए एम्स भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि सात जनवरी को कड़िया मुंडा की तबीयत खराब होने पर उन्हें मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कड़िया मुंडा झारखंड की खूंटी लोकसभा सीट से आठ बार सांसद रहे हैं। वह पद्मभूषण से सम्मानित हैं। सबसे अधिक 12 लोकसभा चुनाव लड़ने का रिकॉर्ड इनके नाम है। खूंटी लोकसभा सीट वर्ष 1967 में अस्तित्व में आई। 1971 में पहली बार कड़िया मुंडा ने चुनाव लड़ा। 2014 में उन्होंने अंतिम लोकसभा चुनाव लड़ा था। इस दौरान उन्होंने आठ लोकसभा चुनावों में जीत दर्ज की। चार लोकसभा चुनावों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। 1977 के चुनाव में उन्हें पहली बार जीत मिली थी।



## ठगों ने यूपी की गाड़ी को दो अलग-अलग कंपनियों से करा लिया फाइनेंस

# शातिर ढंग से उड़ा लिये 42 लाख रुपये, प्राथमिकी दर्ज

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में ठगों ने बड़े ही शातिर तरीके से उत्तर प्रदेश की एक हाईवा गाड़ी को दो अलग-अलग कंपनियों से फाइनेंस करा लिया। ठगी के मास्टरमाइंड लोगों ने 42 लाख रुपए दो कंपनियों से निकाल लिए हैं। इसमें इंडो स्टार कैपिटल फाइनेंस कंपनी और चोला मंगलम फाइनेंस कंपनी के रुपए एक ही गाड़ी पर फाइनेंस कर दिया गया है। इस मामले में फाइनेंस करने वाले एजेंट संजय कुमार महतो ने रामगढ़ थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई है। इस प्राथमिक की में उसने इंडो स्टार कैपिटल फाइनेंस कंपनी के सेल्स मैनेजर सरोज चटर्जी, सेल्स एग्जीक्यूटिव कुणाल कुमार सिन्हा, गाड़ी मालिक राहुल राणा, उनके पिता केदार राणा, भाई संजय कुमार राणा, मां सीता देवी को अभियुक्त बनाया है। प्राथमिकी दर्ज करने वाले संजय कुमार महतो ने बताया कि वह गाड़ी फाइनेंस का काम करते हैं। रामगढ़ शहर के डीएस कॉम्प्लेक्स में एसएस मोटर कार्यालय को इंडो स्टार कैपिटल फाइनेंस कंपनी ने ऑथराइज्ड डीएसए बनाया था। हजारीबाग के लोहसिंघना थाना क्षेत्र अंतर्गत पगमिल निवासी राहुल राणा ने हाईवा यूपी 21 सीटी 1332 को फाइनेंस करने की इच्छा जाहिर की। उसने संजय कुमार महतो को बताया कि वह गाड़ी उनके पिता केदार राणा और उपस्वामी मां सीता देवी के नाम पर फाइनेंस करना है। उन्होंने अपने पिता और मां के आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य दस्तावेज कंपनी को उपलब्ध कराए। इस आधार पर कंपनी ने 29 लाख 98 हजार 805 रुपए का लोन स्वीकृत किया। स्वीकृत लोन में से 28 लाख 24 हजार 205 रुपए संजय कुमार महतो को इंडो स्टार कैपिटल फाइनेंस कंपनी ने उपलब्ध कराया। इसमें से एक लाख उन्होंने राहुल राणा को दिए और 24 लाख रुपए उनके पिता केदार राणा के एचडीएफसी बैंक खाते में ट्रांसफर किए। संजय कुमार महतो ने पुलिस को बताया कि जब उन्हें लोन स्वीकृत होने की खबर मिली, तो उन्हें यह भी संदेह हो गया कि गलत तरीके से लोन किया जा रहा है। उन्होंने इसकी सूचना इंडो स्टार कैपिटल फाइनेंस कंपनी के अधिकारियों को दी। तब कंपनी के सेल्स मैनेजर सरोज चटर्जी और सेल्स एग्जीक्यूटिव कुणाल सिन्हा ने उन पर दबाव बनाना शुरू किया। उन्होंने कहा कि जो पैसा दिया गया है, उसमें से 25 लाख रुपया केदार राणा को दिया जाए। उनकी मौजूदगी में ही 25 नवंबर 2024 को संजय कुमार महतो ने राहुल राणा और उनके पिता केदार राणा को पैसे ट्रांसफर किए थे। संजय कुमार महतो ने बताया कि उन्होंने जब लोन का पैसा ट्रांसफर कर दिया तो उन्हें पता चला कि वही गाड़ी चोला मंगलम फाइनेंस कंपनी के हजारीबाग शाखा से दोबारा फाइनेंस हो रही है। उन्होंने पहले से लोन की हुई गाड़ी पर दोबारा लोन करने को लेकर चोला मंगलम फाइनेंस कंपनी के पदाधिकारी को भी सूचना दी। लेकिन उन लोगों ने उनकी बात अनसुनी कर दी। वहां से भी इसी गाड़ी के नाम पर 17 लाख रुपए राहुल राणा के भाई संजय कुमार राणा को ट्रांसफर किए गए हैं। चोला मंगलम में वही गाड़ी संजय कुमार राणा के नाम पर न सिर्फ ट्रांसफर हुई बल्कि उत्तर प्रदेश आरटीओ के एनओसी के आधार पर उसका रजिस्ट्रेशन भी चेंज कर दिया गया।



## बेहतर कार्य के लिए बीडीओ व सीओ सम्मानित

**चतरा।** लोकसभा और विधानसभा चुनाव के शांतिपूर्ण आयोजन के बाद जिला प्रशासन ने सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया। डीआरडीए प्रशिक्षण भवन में आयोजित कार्यक्रम में लोकसभा और विधानसभा चुनाव में बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों और पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। पत्थलगडा बीडीओ कलिंदर साहू और अंतराधिकारी उदल राम को भी सम्मानित किया है। जिला मुख्यालय में एक समारोह में बीडीओ और सीओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उपायुक्त रमेश घोलप और एसपी विकास पांडे ने दोनों पदाधिकारियों की प्रशंसा की। इस मौके पर उपविकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिंहा, चतरा एसडीओ जहुर आलम और सिमरिया एसडीओ सन्नी राज समेत अन्य की उपस्थिति में बीडीओ और सीओ को सम्मान मिलने से प्रखंड एवं अंचल कर्मी भी हर्षित हैं।



# मकर संक्रांति पर भव्य मेला का आयोजन

**बंशीधर न्यूज**

**विशुनपुरा :** प्रखंड के गटवरिया घाट स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर समिति की ओर से मेला का आयोजन किया गया। इसके पूर्व विष्णु मंदिर समिति के अध्यक्ष नारायण शर्मा ने फीता काटकर मेला का शुभारम्भ किया। दवनकारा कीर्तन मंडली की ओर से हरि कीर्तन का आयोजन भी किया गया।

मेला में उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करने के लिये थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह अपने दल-बल के साथ पुरे दिन मौजूद रहे। यहां बताते चलें की घटवरिया घट स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर परिसर में मकर संक्रांति के एक दिन बाद यानि 15 जनवरी को मेला का आयोजन किया जाता है। जहां चारों तरफ पहाड़ी से घिरा प्राकृतिक वन सम्पदा से भरपूर इस शिव मंदिर का अद्भुत सौन्दर्य देखने को मिलता है। मेला को सफल बनाने में घटवरिया बाबा शिव मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष राजबली चंद्रवंशी, सचिव अनिल चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष हीरा शर्मा, विहिप प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार यादव, अजय प्रसाद यादव, नवल किशोर गुप्ता, ललन गुप्ता, संजय चंद्रवंशी, शम्भू चंद्रवंशी, छूनु ठाकुर, जगदीश त्यागी, विश्वनाथ बैठा, श्यामसुन्दर बैठा, इंदल विश्वकर्मा, हिमांशु ठाकुर, तुलसी शर्मा, ज्वाला मेहता, जितेन्द्र गुप्ता सहित कई लोगों के नाम शामिल हैं।

## न्यूज अपडेट्स

### 75 कृषकों को किया गया पुरस्कृत

**चतरा।** कृषि प्रक्षेत्र तपेज चतरा में जिला स्तरीय फल और सब्जी प्रदर्शनी-2025 का आयोजन किया गया। किसान मेला में सिमरिया विधायक उज्जवल दास, जिप अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र सिंहा सहित अन्य उपस्थित थे। मेला का विधिवत उद्घाटन विधायक सहित अन्य के जरिये किया गया।मेला में कृषि और संबद्ध विभाग के साथ-साथ जेएसएलपीएस, बीज कम्पनियों, कृषि यंत्र की कम्पनियों, पीडीएमसी कंपनी, इफ्को कंपनी, बिरसा कृषक पाठशाला एवं इंडियन नर्सरी का स्टॉल लगाया गया। मेला में जिले के सभी 12 प्रखण्डों के कृषक अपने-अपने कृषि उत्पाद के साथ उपस्थित हुए एवं उत्कृष्ट उत्पाद के लिए उन्हें क्रमश प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से 75 किसानों को सम्मानित किया गया। बीरेन्द्र कुमार ग्राम अमगावां, सिमरिया को जिला स्तरीय सर्वश्रेष्ठ कृषक पुरस्कार के लिए प्रथम पुरस्कार 25 हजार, बसंती पन्ना खूँटीकेवाल कला, हंटरगंज को द्वितीय पुरस्कार स्वरूप 15 हजार और अवध किशोर दांगी ग्राम ब्रहमन्ना चतरा को तृतीय पुरस्कार स्वरूप 10 हजार नकद दिया गया। जिला स्तरीय सर्वश्रेष्ठ कृषक मित्र पुरस्कार मोहन प्रजापति ग्राम सिदकी, प्रखण्ड प्रतापपुर को 12 हजार नकद सहित अन्य को भी सम्मानित किया गया।

## विश्रामपुर ▶ एकरारनामा के अनुसार नहीं हो रहा कार्य

# आक्रोशित ग्रामीणों ने बंद कराया कार्य

**ग्रामीणों ने अधिकारियों से जांच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की**

**1 करोड़ 62 लाख की लागत से रबदा में बन रही पक्की सड़क**



**बंशीधर न्यूज**

**विश्रामपुर :** नावा बाजार प्रखंड के रबदा में लगभग 1 करोड़ 62 लाख रुपये की लागत से मुख्यमंत्री ग्राम सुदृढ़ीकरण योजना के तहत बन रही तीन किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य एकरारनामा के अनुरूप नहीं होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने कार्य को बंद करा दिया है। झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु व बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने अधिकारियों से इसकी जांच कराकर दोषी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का अनुरोध किया है। उक्त नेताओं ने इसकी शिकायत जिले के अधिकारियों के साथ सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पथ निर्माण मंत्री व सरकार के मुख्य सचिव से भी करने की बातें कही है। ताकि दोषी के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। विभागीय सहायक अभियंता विजय राम ने बताया कि उन्हें वहां के ग्रामीणों ने इसकी सूचना दी है। उन्होंने उनकी शिकायत को गंभीरता से लेते हुये जांच में कनीय अभियंता को कार्यस्थल पर भेजा है। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क का कार्य संवेदक एकरारनामा के अनुसार नहीं कर रहा है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। वहीं मंच के संस्थापक श्री शत्रु ने कहा है कि विभागीय अधिकारी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। बावजूद संवेदक व कनीय अधिकारियों की मिलीभगत से कार्य मनमाने ढंग से कराया जा रहा है। मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष ने कहा है कि उनके पैतृक गांव में बन रहे इस सड़क के गुणवत्ताहीन सामग्रियों के प्रयोग, कम पीचिंग व कम ढलाई व कार्यस्थल पर कोई शिलापट्ट नहीं लगाने की शिकायत उन्होंने जिले के डीसी से लेकर आरईओ के अधिकारियों के समक्ष किया है। बावजूद दबंग संवेदक व भ्रष्ट तकनीकी अधिकारियों ने इस सड़क के अलावे नावाबाजार के सात अन्य सड़कों का निर्माण कार्य मनमाने तरीके से जारी रखा है। जिसके खिलाफ शीघ्र ही आन्दोलन किया जायेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री, पथ निर्माण मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष समेत मुख्य सचिव से इसकी जांच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## विधायक अनंत के पुत्र मानवेन्द्र प्रताप पहुंचे ओढेया, परिजनों को दी सांत्वना

**बंशीधर न्यूज**

**विशुनपुरा :** विधायक अनंत प्रताप देव के पुत्र मानवेन्द्र प्रताप देव ऊर्फ मन्नू बाबा ने गुरुवार को ओढेया गांव पहुंच कर मृतक के परिजनों को ढाढस बंधाया तथा आर्थिक सहयोग प्रदान किया। यहां बताते चलें कि 40 वर्षीय विनोद यादव की मौत गत दिनों हो गई थी। उस मौके पर मानवेन्द्र प्रताप देव ने कहा कि विनोद यादव का असमय चला जाना काफी दुखद है। उन्होंने कहा कि वे अपने परिवार के एक सदस्य को खो दिया है। भ ा व न ा ा थ ा प ु र विधानसभा क्षेत्र का एक-एक गांव घर मेरा परिवार है। विधायक अनंत प्रताप देव का परिवार के साथ पुराना रिश्ता रहा है। मौके पर मुक्तेश्वर पांडेय, माणिक सिंह, राजु सिंह, मृत्युंजय गुप्ता, सुधीर प्रसाद, मिंटू कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।




## पलामू में 20 से 24 जनवरी तक लगेगा प्रखंड स्वास्थ्य मेला



**मेदिनीनगर।** स्वास्थ्य मंत्रालय के जरिये राज्य के सभी प्रखंडों में प्रखंड स्वास्थ्य मेला 2025 का आयोजन किया जाना है। इसके तहत 20 जनवरी से 24 जनवरी के बीच एक दिवसीय प्रखंड स्वास्थ्य मेला पलामू जिले के सभी प्रखंडो में आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने व कार्यक्रम की रूप रेखा तय करने को लेकर उपायुक्त शशि रंजन ने पदाधिकारियों के साथ गुरुवार को समाहरणालय सभागार में बैठक की। उन्होंने संबंधितों को टीम वर्क की भावना के साथ स्वास्थ्य मेले को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर निर्देशित किया। उपायुक्त ने सभी बीडीओ को स्वास्थ्य मेला की तिथि और स्थान का अपने स्तर से व्यापक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करने की बात कही, ताकि समय रहते लोगों को मेले से संबंधित जानकारी मिल जाये। उन्होंने मेले में आने वाले आगंतुकों के लिए भोजन, पेयजल आदि की उत्तम व्यवस्था रखने की बात कही। मेले में आभा कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड बनाने के साथ साथ सामान्य चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, मोतियाबिंद जांच, ईएनटी, दंत, चर्मरोग, कुष्ठ, टीबी, मलेरिया, अंधापन, कैंसर, आयुर्वेद, युनानी, होमियोपैथी, योगा आदि की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, छत्तरपुर एसडीओ, सिविल सर्जन, डीआरडीए निदेशक, एमएमसीएच के सुपरिटेंडेंट समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे, विभिन्न बीडीओ समेत अन्य वर्चुअल मोड से जुड़े रहे।

## राजस्व संग्रहण में लोगों की सुविधाओं का रखें ध्यान : दीपक बिरुआ

**रांची।** झारखंड के भू राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि जमीन संबंधित मुद्दों पर लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राजस्व संग्रहण किया जाए। इसलिए म्यूटेशन समेत अन्य जमीन संबंधित कार्यों को राइट टू सर्विस एक्ट के दायरे में लाएं। अधिकारी ऐसे कार्यों को समय पर पूरा कराने की दिशा में काम करें, ताकि लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके और सरकार को राजस्व संग्रहण बढ़ें। मंत्री दीपक बिरूआ प्रोजेक्ट भवन स्थित अपने विभागीय कार्यालय में गुरुवार को सभी प्रमंडलीय आयुक्त और विभागीय सचिव के साथ वर्चुअल बैठक में निर्देश देते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अपनी ही जमीन की रसीद कटवाने के लिए भी लोगों को कचहरी और कर्मचारियों के कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। इसलिए अब राज्यवासी बार कोड की सुविधा मिलेगी। जिसके माध्यम से लोग मोबाइल से ही अपनी जमीन की रसीद कटा सकेंगे। विभाग इस पर आगे की कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि बार कोड के जरिए रसीद कटने पर लोगों को रसीद कटवाने के लिए यहां वहां जाने की जरुरत नहीं होगी। बैठक में चाईबासा आयुक्त के जरिये जमशेदपुर जिले की कंपनियों से दो हजार करोड़ राशि के बकाया वसूली करने का प्रस्ताव सामने आया। जिसपर मंत्री ने तत्काल मामले पर संज्ञान लेते हुए उसपर आगे की कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे कई मामले हैं जहां से रेवेन्यू वसूली होने पर राज्य की राजस्व में बढ़ोतरी होगी। लेकिन इस पर काम करने की जरुरत है। मौके पर मंत्री ने सरकारी जमीन के कब्जे मामले में भी सख्ती दिखाते हुए निर्देश दिया है कि सरकारी जमीन पर जमाबंदी कायम है या नहीं इसपर ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि हरमू नदी किनारे भी अनावश्यक रूप से कब्जा कर नदी को समाप्ति के कगार पर छोड़ा जा रहा है। इसपर विभागीय स्तर पर चर्चा कर आगे की कार्रवाई करने की रणनीति तय की जाए। बैठक में इसके अलावे लंबित म्यूटेशन की कठिनाईयों को दूर कर जमीन संबंधित राजस्व संग्रहण को सहूलियत बनाने, खासमहल जमीन के रिन्यूअल कराने के सुझाव पर अमल किए जाने, सैरात की वसूली को सुविधाजनक बनाने, नीलाम पत्र वाद के निष्पादन पर खास निर्देश देने, लंबित कोर्ट केस की नियमित समीक्षा कर वरीय पदाधिकारियों के जरिये उसके अविलंब निष्पादन किए जाने, अंचल कार्यालयों में निरीक्षण करने समेत राजस्व बढ़ाने जैसे अन्य महत्वपूर्ण मामलों में दिशा निर्देश दिया।

## अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई-छतरपुर

# पांकी और सदर से अवैध बालू लोड छह ट्रैक्टर जब्त



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई की गयी। छतरपुर, पांकी एवं सदर थाना क्षेत्र से अवैध बालू लोड छह ट्रैक्टर जब्त किए गए। छतरपुर में अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार जबकि पांकी एवं सदर में खनन पदाधिकारी सुनील कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई की गयी। छतरपुर अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार ने गुरुवार को छतरपुर-बेलहरा रोड में लोहराही के समीप अवैध बालू का परिचालन कर रहे दो ट्रैक्टरों को जब्त किया। उन्होंने बताया कि दोनों वाहन को जब्त कर छतरपुर पुलिस को सौंप दिया गया है। आवश्यक कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को भेज दिया जाएगा और विधि पूर्वक जुमार्ना की वसूली की जाएगी।

इधर, जिला खनन पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली थी कि रात के अंधेरे में बालू खनिज का अवैध परिवहन किया जाता है। सूचना के आधार पर खान निरीक्षकों हरेंद्र कुमार एवं शुभम कुमार के द्वारा सशस्त्र बल के साथ पांकी तथा सदर अंचल क्षेत्र में 16 जनवरी की सुबह 5 बजे से छापेमारी की गई। सदर अंचल अंतर्गत रजवाडीह मुख्य मार्ग से दो ट्रैक्टरों को जब्त कर प्राथमिकी दर्ज करा दी गई तथा पांकी अंचल अंतर्गत सूर्यवन मोड़ से पकड़कर दो ट्रैक्टरों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, जिसमें से एक ट्रैक्टर जप्त कर थाना को सुपुर्द कर दिया गया है, जबकि दूसरा स्थल से मौका पाकर भाग गया। खनन विभाग की कारवाई से अवैध खनन माफियाओ में हड़कंप मच गया है। जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि सभी लोग वैध चालान के माध्यम से ही बालू का क्रय और परिवहन करे। अवैध खनन पाये जाने पर सख्त कार्रवाई।



# संन्यास की बात भ्रामक, पार्टी तय करेगी मेरा राजनीतिक भविष्य : चंद्रवंशी

बंशीधर न्यूज

**विश्रामपुर :** पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि सक्रिय राजनीत से संन्यास लेने की बात भ्रामक है। मेरी बातों को गलत तरीके से समझा गया और उसे तोड़ मरोड़कर पेश किया गया। मैं एक अनुशासित पार्टी का कार्यकर्ता हूं और पार्टी का आदेश ही मेरे लिये सर्वोपरि है। मेरा राजनीतिक भविष्य पार्टी नेतृत्व तय करेगा। पार्टी के दिशा निदेर्शों का मैं अक्षरशः पालन करूंगा। अगर पार्टी ने चुनाव लड़ने का आदेश दिया तो चुनाव भी लड़ूंगा। श्री चंद्रवंशी गुरुवार को विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी कॉलेज के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अफवाह फैलने के कारण मेरे सैकड़ों कार्यकर्ता आहत हुये हैं। वे सभी मुझसे मिले और अपनी भावनाएं व्यक्त की। मैं कार्यकर्ताओं व अपने समर्थकों को आश्वस्त करता हूं कि वे हमेशा उनके साथ खड़ा रहेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के ही बल पर चार बार विधायक बना और दो बार मंत्री भी बना हूं। कार्यकर्ता ही मेरी राजनीतिक शक्ति हैं। उनके बिना मेरा राजनीतिक जीवन अधूरा है। कभी किसी कारण वस मैं व्यक्तिगत रूप से आपके पास नहीं पहुंच पाया तो मेरे पुत्र डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी हर परिस्थित में आपके साथ खड़ा रहेंगे। वे भी मेरी तरह ही आपकी भावनाओं और समर्थन का पूरा सम्मान करेंगे। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि मेरा उद्देश्य पार्टी और कार्यकताओं के सम्मान की रक्षा करना रहा है। मेरा पूरा ध्यान पार्टी के अनुशासन व कार्यकताओं के समर्थन पर रहा है। इसलिये गलतफहमियों को पीछे छोड़ते हुये पार्टी व समाज की सेवा में जुटे रहना है। कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान व पार्टी की मर्यादा बनाये रखना ही मेरी प्राथमिकता है।

## न्यूज अपडेट्स

### सम्मान समारोह 19 जनवरी को

**श्री बंशीधर नगर :** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से रविवार को प्लस टू हाईस्कूल नगर ऊंटारी के सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह में भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनंत प्रताप देव को सम्मानित किया जायेगा। इसकी जानकारी शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि सम्मान समारोह में डीईओ एवं डीएसई को भी आमंत्रित किया गया है। समारोह में बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहेंगे।

### घोरडीहा में 101 कंबल वितरित

**विश्रामपुर :** रेहला के डंडीला खुर्द स्थित मेसर्स सनटेक प्लास्टिसाइजर प्रा लिमिटेड की ओर से सोमवार को कंबल वितरण अभियान के पांचवे दिन विश्रामपुर नगर परिषद के घोरडीहा में 101 अभावग्रस्तों के बीच कंबल वितरित किया गया। इसके अलावा कंपनी प्रबंधन की ओर से गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन पर ठंड से ठिठुर रहे दर्जनों लोगों के बीच भी कंबल वितरित किया गया। जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण कंपनी के प्रतिनिधि नरेश प्रसाद यादव, शिवानन्द कुमार, अशोक कुमार, अमरेशकांत मिश्रा, पंकज पांडेय व गुलाम नबी अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। नरेश प्रसाद यादव ने कहा कि मेसर्स सनटेक प्लास्टिसाईजर कंपनी अपने सामाजिक दायित्वों का भी बखूबी निर्वहन करती है। क्षेत्र में हमेशा समाजसेवार्थ कार्य करते रहती है। इसी कड़ी में प्रत्येक वर्ष नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में अभावग्रस्त लोगों के बीच कंबल वितरित किया जाता है।

## कार्यक्रम

### भाकपा माले ने महेंद्र सिंह का शहादत दिवस

# निकाला संकल्प मार्च, दी श्रद्धांजलि

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** भाकपा माले जिला कमेटी की ओर से गुरुवार को पार्टी के नेता शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह के शहादत दिवस के मौके पर संकल्प मार्च निकाला गया। संकल्प मार्च दानरो नदी टेम्पो स्टैंड से लेकर प्रखंड कार्यालय तक निकाला गया। साथ ही प्रखंड कार्यालय परिसर में संकल्प सभा आयोजित की गई। सभा का शुभारंभ नेताओं ने महेंद्र सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। माले नेत्री सुषमा मेहता की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में माले नेताओं ने स्व सिंह के संघर्षो पर प्रकाश डालते हुये कहा कि शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह झारखंड के जननायक थे। वे बिहार व झारखंड विधान सभा में विपक्ष के कद्दावर नेता थे। उन्होंने अपने अंतिम भाषण में कहा था कि मैं आपके वोट के साथ कभी सौदा नहीं करूंगा और न ही जूते-चप्पल की तरह पार्टी बदलूंगा। आज के ही दिन 16 जनवरी 2005 को चुनावी सभा के दौरान जब हत्यारों ने पूछा महेंद्र सिंह कौन है? तब उन्होंने सीना तान कर कहा कि मैं हूं महेंद्र सिंह। वीर महेंद्र सिंह तुम जिन्दा हो, खेतों में, खलिहानों में, जनता के अरमानों में गीत गाई जाती है। इस दौरान माले नेताओं ने जोहार झारखंड संकल्प अभियान को गढ़वा में लागु कराने, जल, जंगल, जमीन की रक्षा और कॉरपोरेट लुट के खिलाफ संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। मौके पर भाकपा माले के जिला सचिव कालीचरण मेहता, जिला कमेटी सदस्य अख्तर अंसारी, वीरेंद्र चौधरी, संजय चंद्रवंशी, जन संस्कृति मंच के सदस्य अनवर झंकार, सुरेश चौधरी, महेश चौधरी, एसएन पाठक, विश्वनाथ चौधरी, सूर्यदेव चौधरी, अनीता तिवारी, इंकलाबी नौजवान सभा के संतोष चौधरी, कुंदन मेहता, संजीत मेहता, अर्जुन चौधरी, विजय राम, उपेन्द्र मेहता, सूर्या मेहता, राजमुनि मेहता, अजय मेहता, संगीता देवी, फूल कुमारी देवी, बिमला देवी, विजय मेहता, रमेश चौधरी, विदेशी चौधरी, आरती देवी, सूरज मेहता, रंजीत मेहता सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## 500 क्विंटल खाद्यान्न गोदाम से नहीं देने के मामले का डीएसओ और डीएसई ने की जांच

### गोदाम प्रबंधक ने प्रभार अदला बदली का दिया हवाला, कहा मिलान कर बहुत जल्द किया जायेगा आपूर्ति

बलराम शर्मा



**मेराल :** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजनान्तर्गत द्वितीय त्रैमास 2024 का आवंटित खाद्यान मेराल गोदाम से डंडई एवं मेराल का मिलाकर करीब 500 क्विंटल नहीं देने का मामला तूल पकड़ने लगा है। इस मामले में मेराल बीईईओ की ओर से अक्टूबर 2024 में ही डीएसओ एवं डीएसई को पत्र लिखा गया था। बावजूद खाद्यान्न की आपूर्ति नहीं होने पर दुबारा अनुस्मारक पत्र देने के बाद गुरुवार को दोनों जिलाधिकारी मेराल प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित गोदाम पर पहुंचकर मामले का जांच किया गया। अधिकारियों द्वारा स्टॉक रजिस्टर का जांच करने के बाद गोदाम प्रबंधक दीपक चंचल से मामले के बारे में पूछताछ किया गया। मौके पर गोदाम प्रबंधक द्वारा प्रभार का आदान-प्रदान होने का वजह बताते हुये कहा कि स्टॉक का मिलान कर बहुत जल्द खाद्यान्न की आपूर्ति कर दी जायेगी। मामले में पूछे जाने पर डीएसई अनुराग मिंज ने कहा की गोदाम प्रबंधक द्वारा तुरंत खाद्यान्न आपूर्ति करने की बात कही गई है। खदान आपूर्ति होने पर कोई मामला नहीं रहेगा।

## गढ़वा के खिलाड़ियों ने किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में लहराया परचम, डीसी ने किया सम्मानित



**गढ़वा :** रामगढ़ जिले में आयोजित यूथ किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गढ़वा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुये छह पदक जीते। जिसमें पांच स्वर्ण व एक कांस्य पदक शामिल है। सभी विजेता खिलाड़ियों को डीसी शेखर जमुआर ने सम्मानित किया। ज्ञात हो कि उक्त प्रतियोगिता में अनुराज पांडेय ने 24 किग्रा में स्वर्ण पदक जीतकर गढ़वा जिला का नाम रौशन किया। जबकि अदिती पांडेय ने 32 किग्रा में स्वर्ण पदक, सुप्रिया कुमारी ने 38 किग्रा में स्वर्ण पदक, पुण्य प्रसून ने 38 किग्रा में स्वर्ण पदक, अर्णव कुमार ने 23 किग्रा में स्वर्ण पदक व समीर कुमार चौबे 85 किग्रा में कांस्य पदक प्राप्त किया है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उक्त खिलाड़ियों को डीसी श्री जमुआर ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उक्त मौके पर किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, सचिव मनोज संसाई आदि लोग उपस्थित थे।

## झोपड़ी में लगी आग, नौ बकरियों की मौत, दंपति गंभीर



**कांडी :** कांडी थाना क्षेत्र के बनकट गांव स्थित सोन नदी के किनारे चंद्रदेव राम की फूस की झोपड़ी में बुधवार की रात करीब नौ बजे आग लग गई। इस घटना में झोपड़ी में बंधी नौ बकरियों की जलकर मौत हो गई। जबकि चंद्रदेव राम और उनकी पत्नी चंद्रावती देवी झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि झोपड़ी में दंपति सो रहे थे। वहीं सभी बकरियां बंधी हुई थीं। रात्रि में अचानक आग लग गई। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। झुलसे दंपति को सदर अस्पताल गढ़वा में प्राथमिक उपचार के बाद डालटनगंज रेफर कर दिया गया है।

## पुलिस ने निकाला सड़क सुरक्षा जागरूकता मार्च



**गढ़वा :** गढ़वा पुलिस ने गुरुवार को जिला मुख्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता मार्च निकाला। सड़क सुरक्षा जागरूकता मार्च की शुरूआत शहर के कन्या मध्य विद्यालय फुटबाल स्टेडियम से हुई। इसमें सबसे आगे-आगे बैनर लिये पुलिस के जवान चल रहे थे। बैनर पर सड़क सुरक्षा जागरूकता से संबंधित सुझाव वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग, शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने, गति सीमा का सदैव ध्यान रखने, वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का इस्तेमाल नहीं करने, यातायात के नियमों का सदैव पालन करने आदि लिखे हुये थे। जागरूकता मार्च शहर के रंका मोड़ से पुनः कन्या मध्य विद्यालय फुटबाल स्टेडियम पहुंच कर समाप्त हो गई। मौके पर एसपी ने कहा कि यातायात के नियमों का पालन करना सभी नागरिकों का कर्तव्य है। इसका हमें हर हाल में पालन करना चाहिये। मौके पर एसडीपीओ नीरज कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीव मंडल सहित विभिन्न थाना के पुलिस अधिकारी व जवान उपस्थित थे।

## सोनडीहा ने पिपरडीह को हराया

# खेल हमें अनुशासन सिखाता है : अनंत

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** प्रखंड के पिपरडीह गांव के सोनपुरा मैदान में पिपरडीह प्रीमियम क्रिकेट टूनामेंट का फाईनल मैच गुरुवार को आयोजित किया गया। टूनामेंट का फाईनल मैच सोनडीहा व पिपरडीह टीम के बीच खेला गया। 12-12 ओवरों के खेले गये मैच में पिपरडीह की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 10 विकेट के नुकसान पर 65 रन बनाया। जबाबी पारी खेलने उतरी सोनडीहा क्रिकेट टीम ने 6 विकेट के नुकसान 66 रन बनाकर कप पर कब्जा जमा लिया। विधायक अनंत प्रताप देव ने विजेता व उप विजेता टीम को कप प्रदान किया। उस मौके पर विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि खेल हमें अनुशासन सिखाता है। खेल स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से बेहतर है। उन्होंने कहा कि खेल में जीत हार होते रहती है। जो हारता है वह कल जीतता भी है इसलिये हारे हुये टीम को निराश नहीं होना चाहिये बल्कि और बेहतर खेलने का प्रयास करना चाहिये। श्री देव ने कहा कि महेंद्र सिंह धौनी झारखंड ही नहीं बल्कि दुनिया में नाम रौशन किया है। उन्होंने पिपरडीह एवं सोनडीहा के खिलाड़ियो से बेहतर खेल का प्रदर्शन कर झारखंड में नाम रौशन करने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान पिपरडीह पंचायत में जो भी वादे किये गये हैं उन सभी वादों को पूरा किया जायेगा। मुखिया उषा देवी ने भी दोनों टीम के खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर झामुमो नेता अमरनाथ पांडेय, अमर राम, सुदेश्वर राम, अजित सिंह, भगवान राम, मंटू दुबे, भरत प्रसाद, पिंटू सिंह, सूर्यदेव कुमार, अध्यक्ष सुधीर कुमार चंद्रवंशी, रंजन कुमार, हर्षित कुमार, रोहित, प्रिंस, प्रेम, रामकेश, रोहन, सुनील, रंजित सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।




## 'बॉर्डर 2' की तैयारी में जुटे वरुण धवन

वरुण धवन का 'बेबी जॉन' में दमदार एक्शन और शानदार अदाकारी करना उनके फैंस के लिए सराहनीय रहा, हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। अब वरुण अपनी अगली महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'बॉर्डर 2' पर पूरी तरह फोकस कर चुके हैं। उनकी पहली तस्वीर ने दर्शकों के बीच नई उम्मीदें जगा दी हैं। 'बॉर्डर 2' का हिस्सा बनना वरुण के लिए न केवल एक बड़ा कदम है बल्कि यह उनके करियर में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ सकता है। उनकी तस्वीर से साफ है कि वह एक डेडिकेटेड सोल्जर के किरदार में नजर आएंगे। वरुण अपनी फिटनेस और परफॉर्मेंस पर लगातार काम कर रहे हैं, ताकि वह अपने किरदार में पूरी तरह से ढल सकें। 'बॉर्डर 2' को लेकर दर्शकों का उत्साह वाकई चरम पर है, और इस नई जानकारी ने फिल्म को लेकर उम्मीदें और बढ़ा दी हैं। झांसी में शूटिंग शुरू होने के साथ ही, यह साफ है कि फिल्म का निर्माण बड़े पैमाने पर हो रहा है और अनुराग सिंह जैसे प्रतिभाशाली निर्देशक इसे अपनी दृष्टि से एक यादगार अनुभव बनाने में जुटे हैं। भूषण कुमार जैसे बड़े निमार्ता का साथ मिलना भी इस बात का संकेत है कि फिल्म में जबरदस्त प्रोडक्शन वैल्यू देखने को मिलेगी। वरुण धवन के साथ सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, और अहान शेट्टी जैसे कलाकारों की मौजूदगी इसे एक स्टार-स्टडेड फिल्म बनाती है। खासतौर पर सनी देओल का नाम 'बॉर्डर' फ्रैंचाइजी से जुड़ा होने के कारण प्रशंसकों के लिए एक भावनात्मक कड़ी साबित होगा।

## फिल्म 'लवयापा' का रोमांटिक गाना 'रहना कोल...' रिलीज




जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म 'लवयापा' के टाइटल ट्रैक और ट्रेलर के रिलीज के बाद से ही दर्शक रोमांटिक कॉमेडी को बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं। अब, निमार्ताओं ने फिल्म का रोमांटिक मेलोडी 'रहना कोल...' रिलीज कर दर्शकों को एक और तोहफा दिया है। यह गाना रिलीज होते ही पूरे देशभर के दर्शकों को पसंद आ रहा है। कोरियोग्राफर फराह खान, जिन्होंने आमिर खान के लिए 'पहला नशा' को डायरेक्ट किया था। अब जुनैद के पहले गाने को उनके थियेट्रिकल डेब्यू के लिए कोरियोग्राफ किया है। वही नेटिजन्स भी इस जाने को खूब पसंद कर रहे हैं। 'रहना कोल...' गाने ने भी काफी ध्यान आकर्षित किया है, क्योंकि इसमें आमिर खान की 'पहला नशा' की धुन के साथ एक झलक दिखाई गई है। जुनैद ने आमिर के इस गाने के आइकॉनिक पोज को रीक्रिएट किया है, जो सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है और नेटिजन्स लगातार इसकी तारीफ कर रहे हैं। फिल्म 'लवयापा' 7 फरवरी 2025 को रिलीज होने वाली है।

## अब तक सात करोड़ से अधिक श्रद्धालु आ चुके हैं प्रयागराज महाकुम्भ



# सैफ अली खान पर चाकू से हमला, सर्जरी



**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सैफ अली खान बांद्रा स्थित अपने घर पर घुसे अज्ञात व्यक्ति के चाकू के हमले में घायल हो गए हैं। उन्हें लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। मुंबई पुलिस ने कहा है कि अभिनेता के घर पर घुसे व्यक्ति की पहले उनकी नौकरानी से बहस हुई। इस बीच सैफ पहुंचे और उन्होंने उस व्यक्ति से कारण पूछा तो उसने उनपर चाकू से हमला कर दिया। लीलावती अस्पताल के सीओओ डॉ. नीरज उत्तभानी ने बताया कि सैफ को उनके यहां तड़के साढ़े तीन बजे लाया गया। उनके शरीर पर छह जख्म मिले हैं। रीढ़ की हड्डी और गले के पास गहरी चोट है। सुबह साढ़े पांच बजे उनकी सर्जरी की गई। वह खतरे से बाहर हैं। पुलिस का कहना है कि उनके निजी सुरक्षागार्डों और निजी स्टाफ के सदस्यों के मोबाइल फोन की जांच की जा रही है। फिल्म अभिनेता सैफ अली खान का बांद्रा की सतगुरु शरण बिल्डिंग में आलीशान थ्री बेडरूम अपार्टमेंट है। इसमें छत, बालकनी और स्विमिंग पूल भी है। इस अपार्टमेंट में सैफ करीना कपूर खान और बच्चे तैमूर और जेह भी उनके साथ रहते हैं।

### सर्जरी, आईसीयू में शिफ्ट किए गए

बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान की सर्जरी हो गई। उन्हें सर्जरी के बाद आपरेशन थिएटर से आईसीयू में शिफ्ट कर दिया गया है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। डाक्टरों का कहना है कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है। अभिनेता सैफ अली खान गुरुवार आधी रात के बाद अपने घर में चोर के हमले में घायल हो गए थे। उन्हें गहरी चोटें आईं। इसके बाद उन्हें लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके बड़े बेटे इब्राहिम अली खान ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया था। इसके बाद उनकी सर्जरी की गई। लीलावती अस्पताल के डॉ. नितिन डांगे ने मीडिया को बताया कि सर्जरी से सैफ अली की हालत स्थिर है और उनकी हालत में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि सैफ अली खान की न्यूरो और प्लास्टिक सर्जरी हुई है। उन्हें ऑपरेशन थिएटर से आईसीयू में शिफ्ट कर दिया गया है। उन पर नजर रखी जा रही है। वे जल्द ही ठीक हो जायेंगे। उन्हें गहरे घाव हैं। उसकी रीढ़ से ढाई इंच की चाकू की नोंक निकाली गई है।

### हमले की जांच के लिए पुलिस की 15 टीम गठित

बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले के बाद मुंबई पुलिस ने जांच के लिए 15 पुलिस टीमें गठित की हैं। इनमें मुंबई पुलिस अपराध शाखा की 8 टीम और मुंबई पुलिस की 7 टीम अलग-अलग एंगल से मामले की छानबीन कर रही हैं। इनमें से एक टीम को मुंबई के बाहर भेजा गया है। हमले के बाद सैफ अली खान का लीलावती अस्पताल में डॉ. नितिन डांगे और डॉ. लीना जैन की देखरेख में उपचार चल रहा है। राज्य सरकार ने कहा है कि जल्द ही हमलावर गिरफ्त में होंगे। पुलिस उपायुक्त दीक्षित गेडाम ने बताया कि इस मामले में तीन नौकरों से पूछताछ की जा रही है। इन तीनों का मोबाइल पुलिस ने जब्त कर लिया है। अब तक की जानकारी के अनुसार हमलावर सैफ अली खान के बेटे जहांगीर के बेडरूम में छिपा था। उसे देखने के बाद नौकरानी ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इसकी भनक लगते ही सैफ अली खान अपने बेडरूम से बाहर आए। इसके बाद हमलावर ने नौकरानी और सैफ अली खान पर हमला कर दिया था। इस घटना में घायल सैफ अली खान और नौकरानी का इलाज चल रहा है। इस घटना की सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच के अधिकारी दया नायक मौके पर पहुंचे और पूछताछ कर मामले की छानबीन शुरू कर दी। इसके अलावा फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर छानबीन की है। विपक्ष ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। विपक्ष ने कहा कि जब इतनी बड़ी सुरक्षा में रहने वाले फिल्म स्टार सुरक्षित नहीं हैं, तो आम व्यक्ति की सुरक्षा तो राम भरोसे ही है।


## नीट (यूजी) 2025 पेन-पेपर मोड में आयोजित की जाएगी : एनटीए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने गुरुवार को घोषणा की है कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) यूजी 2025 एक ही दिन और एक ही पाली में पेन और पेपर मोड (ओएमआर) में आयोजित की जाएगी। यह पिछले वर्षों की तुलना में एक महत्वपूर्ण बदलाव है, जहां परीक्षा कंप्यूटर आधारित मोड में आयोजित की जाती थी। एनटीए की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) द्वारा लिए गए निर्णय के मुताबिक नीट (यूजी)-2025 एक दिन और एक ही पाली में पेन और पेपर मोड (ओएमआर आधारित) में आयोजित की जाएगी। नीट यूजी देश के सभी मेडिकल संस्थानों में स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कॉमन प्रवेश परीक्षा है। यह परीक्षा 2019 से राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) की ओर से एनटीए द्वारा आयोजित की जाती है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 के अनुसार, सभी चिकित्सा संस्थानों में स्नातक चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश के लिए नीट (यूजी) को एक सामान्य और समान राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट (यूजी) के रूप में आयोजित किया जाना है। इसी तरह, भारतीय चिकित्सा पद्धति के लिए राष्ट्रीय आयोग अधिनियम, 2020 के अनुसार, इस अधिनियम के तहत शासित सभी चिकित्सा संस्थानों में भारतीय चिकित्सा पद्धति के प्रत्येक विषय यानी बीएएमएस, बीयूएमएस और बीएसएमएस पाठ्यक्रमों में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एक समान नीट (यूजी) होगा।

Hit लिस्ट

## बीजापुर में 12 नक्सली ढेर

**बीजापुर/रायपुर।** सुरक्षा बलों के जवानों और नक्सलियों के बीच बीजापुर जिले के पुजारी कांकेर और मारूर बाका के बीच मुठभेड़ जारी है। सूत्रों के मुताबिक मुठभेड़ में सुरक्षा बलों के जवानों ने 12 नक्सलियों को मार गिराया है। बीजापुर एएसपी



चंद्रकांत गोवर्ना ने जानकारी दी है कि मुठभेड़ में बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के कर्मी, सीआरपीएफ की विशिष्ट जंगल युद्ध इकाई कोबरा (कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन) की पांच बटालियन और सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) की 229वीं बटालियन शामिल हैं। जवानों और नक्सिलयों के बीच रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है। मुठभेड़ सुबह नौ बजे से जारी है। जिस जगह पर मुठभेड़ हो रही है, वह तेलंगाना और छत्तीसगढ़ का सीमावर्ती इलाका है। मुठभेड़ वाली जगह से जवानों ने कई हथियार भी बरामद किए हैं।

## मणिपुर में मिले हथियार व विस्फोटक



**इंफाल।** भारत-म्यांमार सीमा से सटे मणिपुर के सीमावर्ती इलाकों से भारी संख्या में हथियार और विस्फोटकों की बरामदगी हुई है। सुरक्षा बलों ने मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों में सीमावर्ती और संवेदनशील क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया। बिष्णुपुर जिले के नंबोल थाना क्षेत्र के आइगेजांग और लैमाराम उयोक चिंग के पास से एक 51 मिमी मोर्टार ट्यूब लॉन्चर, एक एसएलआर राइफल, एक स्नाइपर राइफल, तीन 40 मिमी लैथोड शेल, चार एसएलआर के जिंदा कारतूस, चार 36 एचई ग्रेनेड, एक स्मोक बम तथा अन्य विस्फोटक और उपकरण बरामद किए गए। एक अन्य अभियान में थौबल जिले के नोंगपोक सेक्माई थाना क्षेत्र के सलाम पटोंग गांव से एक 9 मिमी सीएमजी मैगजीन, चार 36 एचई हैंड ग्रेनेड, 27 जिंदा कारतूस, 7.62७39 मिमी खाली खोलः 117, हेलिकन एंटीना, डेटोनेटर, रेडियो सेट और अन्य उपकरण बरामद किए गए।

**भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार सुबह इतिहास रचते हुए दो उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में स्थापित कर दिया**

# अंतरिक्ष डॉकिंग में सफलता प्राप्त करने वाला दुनिया में चौथा देश बना भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार सुबह इतिहास रचते हुए दो उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में स्थापित कर दिया। इसके साथ ही दुनिया में अमेरिका, रूस, चीन के बाद भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन गया। स्पैडेक्स डॉकिंग की सफलता पर इसरो ने टीम और देशवासियों को बधाई दी है। गुरुवार को इसरो ने ट्वीट करके कहा कि अंतरिक्ष यान डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी हुई। यह एक ऐतिहासिक क्षण है। स्पैडेक्स डॉकिंग प्रक्रिया पर इसरो ने कहा कि डॉकिंग की शुरूआत सटीकता से हुई और 15 मीटर से तीन मीटर होल्ड पॉइंट तक पैंतरेबाजी पूरी हुई। इस पूरी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक कैप्चर किया गया। भारत अंतरिक्ष डॉकिंग में सफलता प्राप्त करने वाला चौथा देश बन गया।



### डॉकिंग प्रक्रिया

डॉकिंग वह प्रक्रिया है जिसकी मदद से दो अंतरिक्ष ऑब्जेक्ट एक साथ आते और जुड़ते हैं। यह विभिन्न तरीकों का उपयोग करके किया जा सकता है। अंतरिक्ष में डॉकिंग प्रौद्योगिकी की तब जरूरत होती है जब साझा मिशन उद्देश्यों को हासिल करने के लिए कई रॉकेट प्रक्षेपित करने की जरूरत होती है। वांछित कक्षा में प्रक्षेपित होने के बाद दोनों अंतरिक्ष यान 24 घंटे में करीब 20 किलोमीटर दूर हो जाएंगे। इसके बाद वैज्ञानिक डॉकिंग प्रक्रिया शुरू करेंगे। ऑनबोर्ड प्रोपल्शन का उपयोग करते हुए टारगेट धीरे-धीरे 10-20 किमी का इंटर सैटेलाइट सेपरेशन बनाएगा। इससे दूरी धीरे-धीरे 5 किलोमीटर, 1.5 किलोमीटर, 500 मीटर, 225 मीटर, 15 मीटर और अंत में 3 मीटर तक कम हो जाएगी, जहां डॉकिंग होगी। डॉक हो जाने के बाद मिशन पेलोड संचालन के लिए उन्हें अनडॉक करने से पहले अंतरिक्ष यान के बीच पावर ट्रांसफर का प्रदर्शन करेगा।

### भारत के लिए इसलिए भी है खास

सफल डॉकिंग प्रयोग भारत में किए जाने वाले कई मिशन के लिए जरूरी है। भारत की योजना 2035 में अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की है। मिशन की सफलता इसके लिए अहम है। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन में पांच मॉड्यूल होंगे जिन्हें अंतरिक्ष में एक साथ लाया जाएगा। इनमें पहला मॉड्यूल 2028 में लॉन्च किया जाना है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)